# भगवान श्रीकृष्ण का जीवन प्रेरणादायी: सीएम धामी

**वीर अर्जुन संवाददाता**

पिथौरागढ,। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जन्माष्टमी के अवसर पर गंगोलीहाट, पिथौरागढ. में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव-2024 के समापन समारोह में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने सभी को जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण का आशीर्वाद सबको सदैव मिलता रहे। यह पर्व हमें सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है तथा भगवान श्री कृष्ण का जीवन प्रेरणादाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण द्वारा दिये गए गीता के उपदेश को आधार मानकर ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का मंत्र दिया है। प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई नीतियां इसी भाव को दिखाती है कि विकास कार्यो में भेदभाव नहीं करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सांस्कृतिक पुनरूत्थान के कार्य किए जा रहे हैं। सीमांत क्षेत्रों का भी विकास हो रहा है। साथ ही भारत को पुन: परम वैभव की ओर ले जाने के प्रयास किए जा रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर से अलगाववाद को बढावा देने वाली धारा 370 को समाप्त कर दिया गया है। आज प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में शुरू की गई योजनाएं लोगों के जीवन को बदल रही है तथा प्रदेश सरकार ने भी उत्तराखण्ड के हित में कई निर्णय लिए है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने सिद्धपीठ हाटकलिका मंदिर में माँ महाकाली की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने श्री महाकाली मंदिर परिसर में एक रुद्राक्ष का पौधा लगाकर एक पेड.मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कर आम जनमानस को संदेश दिया कि सभी जनमानस अवश्य एक पेड.मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण करें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के विकास से संबंधित अनेक घोषणा की जिसमें विकास खण्ड बेरीनाग के अंतर्गत चौडम़निया-कीमतोली मोटर मार्ग पर सेतु निर्माण का कार्य ,राजीव गांधी नवोदय विद्यालय गंगोलीहाट की चार दिवारी का निर्माण कार्य, राजकीय इंटर कॉलेज गंगोलीहाट के मैदान का चौडीकरण तथा गंगोलीहाट में ट्रॉमा सेंटर बनाने, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज भवन की मरम्मत किये जाने, न्याय पंचायत केंद्र पोखरी में स्थित विद्यालय को उच्चीकृत किये जाने, सरयू तथा रामगंगा के संगम स्थल पनार घाट का सौंदर्यीकरण किये जाने के साथ ही राजकीय महाविद्यालय गणाई में पुस्तकालय का निर्माण किये जाने की घोषणाएं की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की मातृशक्ति हर क्षेत्र में आगे बढ. कर आत्मनिर्भर बन रही है। स्वयं सहायता समूह से जुडी हुई हमारी महिलाएं विश्वस्तरीय उत्पाद बना रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब वह पहाड. की माता बहनों व नौजवानों को देखते हैं, तो उन्हें अपना बचपन याद आ जाता है। इस लिए सरकार द्वारा मातृशक्ति को 30 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया, गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 70 लाख लोगों को सहायता प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने इसके बाद खंड विकास कार्यालय गंगोलीहाट के सभागार में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक में सम्मिलित होकर सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देकर संबोधित किया। मुख्यमंत्री द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मुख्यमंत्री द्वारा बताया गया की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखंड के चारों धामों के दर्शन तथा 1700 फीट पर स्थित आदि कैलाश की यात्रा दर्शाती है।


श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के समापन समारोह के दौरान सीएम धामी।

# संदिग्ध हालत में कार में मिला महिला और पुरूष का शव

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून, । थाना राजपुर क्षेत्र अंतर्गत सहस्त्रधारा हेलीपैड के पीछे नागल वाली रोड पर खडी कार में एक महिला और एक पुरुष का शव मिलने से हडक़ंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पडत़ाल तेज कर दी है। साथ ही मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

थाना राजपुर को कंट्रोल रूम के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई की सहस्त्रधारा हेलीपैड के पीछे नागल वाली रोड पर एक मारुति वैन खडी है, जिसमें एक महिला व एक पुरुष अचेत अवस्था में पडे. है। सूचना पर तत्काल थानाध्यक्ष राजपुर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तो सहस्त्रधारा हेलीपैड के पीछे नागल वाली रोड पर सडक़ किनारे एक वैगन आर टैक्सी खडी मिली, जिसमें एक व्यक्ति राजेश साहू उम्र करीब 50 वर्ष व एक महिला महेश्वरी उम्र करीब 45 वर्ष अचेत अवस्था में सामान्य रूप से बैठे मिले। घटना की प्राथमिक जानकारी से पता चला कि यह वाहन मृतक राजेश साहू का ही था, तथा राजेश साहू व महेश्वरी देवी दोनों कांठ बांग्ला थाना राजपुर क्षेत्र के रहने वाले थे, राजेश साहू ड्राइवर का काम करता है। महेश्वरी देवी विधवा है। घटनास्थल के प्रारंभिक निरीक्षण में कोई संधिक्त स्थिति नहीं पाई गई व दोनों व्यक्ति अचेत अवस्था में सामान्य रूप से गाडी में बैठे पाए गए। दोनों के परिजनों ने भी अब तक घटना के संबंध में कोई शंका जाहिर नहीं कि गई है, प्रारंभिक पूछताछ में जानकारी प्राप्त हुई की दोनों ने अत्यधिक शराब का सेवन किया था व घटना के समय गाडी का इग्निशन ऑन था व संभवत रात्रि में गाडी का लगातार एसी ऑन रहने के कारण, गैस, तापमान के प्रभाव के कारण घटना घटित हुई हो। प्रथमद्रष्टया संभवत दोनो ने अत्याधिक शराब के सेवन व गाडी में एसी की गैस व तापमान के प्रभाव से मृत्यु होने की संभावना प्रतीत हो रही है। घटनास्थल का निरीक्षण फॉरेंसिक टीम ने किया। निरीक्षण के दौरान फॉरेंसिक टीम को घटनास्थल से कोई भी संदिग्ध वस्तु, साक्ष्य नहीं पाए गए। शवो का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मृत्यु के कारण की वास्तविक जानकारी प्राप्त हो पाएगी। पुलिस ने घटनास्थल के आस पास लोगो से घटना के संबंध में पूछताछ करते हुए सभी संभावित पहलुओं पर विस्तृत जांच की जा रही है।

# बदरीनाथ धाम में धूमधाम से मनायी जा रही श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**वीर अर्जुन संवाददाता**

बदरीनाथ, । श्री बदरीनाथ धाम में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम एवं उल्लासपूर्वक मनाया जा रहा है। इसके लिए श्री बदरीनाथ - केदारनाथ मंदिर समिति ने तैयारियां पूरी कर ली है। श्री बदरीनाथ मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया है।श्री कृष्ण जन्माष्टमी से पहले मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया है। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ( बीकेटीसी ) अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने सभी तीर्थयात्रियों, श्रद्धालुओं को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी है। कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म धर्म की रक्षा तथा आसुरी प्रवृत्तियों के विनाश के लिए हुआ। बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल जन्माष्टमी कार्यक्रम हेतु रविवार प्रातरू को ही श्री बदरीनाथ धाम पहुंच गये है। मुख्य कार्याधिकारी मंदिर समिति की ओर से आयोजित भजन संध्या, भगवान श्रीकृष्ण के जन्माष्टमी कार्यक्रम में देर रात तक मौजूद रहेंगे। उन्होंने सभी को जन्माष्टमी पर्व की शुभकामनाएं दी है। आज जन्माष्टमी कार्यक्रम के अवसर पर भगवान बदरीविशाल के गर्भगृह सभा मंडप में रावल अमरनाथ नंबूदरी द्वारा भगवान बदरीविशाल, श्री नारद जी उद्धव जी सहित सभी सभामंडप में मौजूद देवताओं श्री कुबेर जी नारद जी नर- नारायण जी का विशेष श्रृंगार शुरू हो गया है। रात्रि 10 बजकर 45 मिनट से भगवान श्री कृष्ण के जन्माष्टमी पर्व की शुरुआत हो जायेगी तथा मध्य रात्रि में भगवान श्री कृष्ण का जन्म होगा तथा जन्म के बाद जन्मोत्सव मनाया जायेगा। इससे पहले तप्तकुंड कीर्तन मंडली, महिला मंगल दल माणा, महिला मंगल दल बामणी, सरस्वती शिशु मंदिर बामणी,द्वारा भजन कीर्तन संध्या आयोजित होगी इसके पश्चात बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार सहित सदस्य गण, मुख्य कार्याधिकारी एवं आचार्य जगमोहन कोटियाल,डा. शैलेन्द्र नारायण कोटियाल भगवान कृष्ण जन्माष्टमी पर संबोधित करेंगे।इसके पश्चात धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल तथा वेदपाठी रविंद्र भट्ट पूजा आरंभ करेंगे। भगवान कृष्ण के जन्म पश्चात कल मंगलवार को श्री बदरीश पंडा पंचायत की ओर से बदरीनाथ धाम में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा भगवान कृष्ण जन्मोत्सव की भव्य झांकी श्री बदरीनाथ के भ्रमण पश्चात श्री बदरीनाथ मंदिर पहुंचेगी।



# मानसून सत्र के बाद सूना पड़ा भराडी़सैंण विधानसभा भवन

**वीर अर्जुन संवाददाता**

गैरसैंण, । उत्तराखंड की स्थाई राजधानी गैरसैंण में सिक्के के दो पहलू देखने को नजर आते हैं। जहां एक तरफ विधानसभा क्षेत्र भराडीसैंण अपनी आलीशान इमारतों से नई इबारत लिख रहा है, तो वहीं दूसरा पहलू गैरसैंण और गैरसैंण के लोगों की उस स्याह हकीकत का है, जहां पिछले 24 सालों से केवल इंतजार और उम्मीद ही मिल पाया है। 21 से 23 अगस्त तक गैरसैंण के भराडीसैंण विधानसभा भवन में उत्तराखंड विधानसभा का तीन दिवसीय मानसून सत्र आयोजित किया गया। बीते शुक्रवार को पूरी सरकार अपने दलबल के साथ भराडीसैंण के उस आलीशान विधानसभा भवन को एकांत और वीरान छोडक़र वापस देहरादून लौट आई है। ऐसे में जहां एक तरफ भराडीसैंण की आलीशान इमारतों की चमक है, तो वहीं दूसरी तरफ जिस मूल भावना के साथ गैरसैंण को स्थाई राजधानी बनाने का संकल्प लिया गया था, उस से बहुत दूर खडे. गैरसैंण और आसपास के वो स्थानीय लोग हैं, जिनकी आंखें पिछले 24 सालों से उनके कायापलट के केवल इंतजार में तरस गई हैं। गैरसैंण के भराडीसैंण में 47 एकड. में फैला विधानसभा क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से बेहद खूबसूरत है। साल भर यहां मौसम बेहद ठंडा और खुशगवार बना रहता है। समुद्र तल से 5,410 फीट की ऊंचाई पर मौजूद उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी का विधानसभा भवन बेहद आलीशान और भव्य बनाया गया है। विधानसभा भवन में सदन के अलावा विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, सतपाल महाराज के कार्यालय भी बनाए गए हैं। इसके अलावा विधानसभा भवन परिसर में सभी मंत्रियों और विधायकों के आवास भी बनाए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आई.टी.आई. निरंजनपुर देहरादून में पहले इलेक्ट्रिकल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन

देहरादून, वीर अर्जुन संवाददाता। भवनों के इलेक्ट्रिकल और डिजिटल आधारभूत ढाँचे में विश्व की एक प्रमुख कंपनी, ग्रुप लग्रों इंडिया ने आई.टी.आई. निरंजनपुर, देहरादून में अत्याधुनिक इलेक्ट्रिकल प्रशिक्षण के लिए अपने पहले उत्कृष्टता केंद्र का गौरवपूर्ण उद्घाटन किया। यह पहल छात्रों को कौशल प्रदान करने और तेजी से विकसित हो रहे इलेक्ट्रिकल उद्योग में उनकी रोजगार की संभावनाओं को बढाने के लिए लग्रों की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन ग्रुप लग्रों इंडिया की वी.पी.-सी.एस.आर. पंकज कुमारय देहरादून के राजकीय आई.टी.आई. (बालक) के प्रिंसिपल मनमोहन कुडियाल और राजकीय आई.टी.आई. (बालिका) के प्रिंसिपल दिनकर रौतेला ने किया।

फॉर्म नंबर INC-25A

सार्वजनिक कंपनी को निजी कंपनी में बदलने के लिए समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित

कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के क्षेत्रीय निदेशक उत्तरी क्षेत्र के समक्ष

कंपनी अधिनियम, 2013 के मामले में, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 41

और

मैसर्स सम्राट एसोसिएट्स एंड रियल एस्टेट लिमिटेड के मामले में, जिसका पंजीकृत कार्यालय मनकापुर एस्टेट, मल्लीताल, नैनीताल, नैनीताल - 263001, उत्तराखंड, भारत.

...आवेदक

[illegible] 02 अगस्त, 2024, शुक्रवार को आयोजित 01/2024-25 [illegible]

[illegible] बी-2 विंग, दूसरी मंजिल, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003, भारत, [illegible] 14 (चौदह दिन) [illegible]

आवेदक के लिए और उसकी ओर से

सम्राट एसोसिएट्स और रियल एस्टेट लिमिटेड

हस्ताक्षर/-

दिनांक: 22 अगस्त, 2024 — कमल नयन त्रिपाठी (निदेशक)

स्थान : नैनीताल — डीआईएन: 00709702

पता: मनकापुर एस्टेट, मल्लीताल, तल्लीताल, नैनीताल-263002, उत्तराखंड, भारत

पंजीकृत कार्यालय का पूरा पता: मनकापुर एस्टेट, मल्लीताल नैनीताल, नैनीताल-263001, उत्तराखंड, भारत

### देहरादून के टिहरी नगर में हुई प्राचीन रामलीला की हनुमान ध्वज स्थापना

देहरादून, वीर अर्जुन संवाददाता। श्री रामकृष्ण लीला समिति टिहरी 1952, देहरादूनष द्वारा गढव़ाल की ऐतिहासिक रामलीला को देहरादून में पुनर्जीवित करने के लिए निर्णय लिया गया और इस हेतु आजाद मैदान, टिहरी नगर, अजबपुर कलां, दून यूनिवर्सिटी रोड, देहरादून में हनुमान ध्वजा स्थापना कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल से सभी क्षेत्रवासियों ने मिलकर ष्हनुमान ध्वजाष को टिहरी नगर में जन्माष्टमी के पावन अवसर पर गढव़ाल के वाद्दयंत्र ढोल दमाऊ के साथ परिक्रमा करवाई। हनुमान ध्वजा स्थापना हेतु पूजा, अर्चना व हवन किया व तत्पश्चात विधि-विधान से हनुमान ध्वजाकी स्थापना की गई।

# उत्तराखंड की 4000 महिला अभ्यर्थियों को टाटा में नौकरी का अवसर

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून, । उत्तराखंड के युवाओं को सरकारी व गैर सरकारी क्षेत्र में रोजगार दिलाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में, राज्य के नियोजन विभाग को देश की नामी कंपनी टाटा ग्रुप से पत्र प्राप्त हुआ है जिसमें टाटा ने अपने कर्नाटका स्थित प्लांट में उत्तराखंड की 4000 महिला अभ्यर्थियों को एनपीएस एवं एनएटीएस कार्यक्रम के अंतर्गत जॉब वेकैंसी निकाले जाने की जानकारी दी है। जल्द ही टाटा समूह इन कार्यक्रमों के अंतर्गत राज्य में नियुक्त प्रक्रिया प्रारंभ करेगा। राज्य की पुष्कर धामी सरकार निरंतर युवाओं को रोजगार से जोडऩे के लिए प्रयासरत है। राज्य के विभिन्न सरकारी विभागों के अलावा निजी क्षेत्र व स्वरोजगार के क्षेत्र में युवाओं को अवसर प्रदान किये जा रहे हैं। युवाओं को देश-विदेश में भी रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। अब टाटा समूह की टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड ने उत्तराखंड से 4000 महिला अभ्यर्थियों की भर्ती की विज्ञप्ति निकाली है। टाटा समूह के चीफ ह्यूमन रिसोर्स ऑफिसर रंजन बंदोपाध्याय की ओर से इस सिलसिले में राज्य के नियोजन विभाग के स्टेट पीपीपी एक्सपर्ट एवं नोडल फॉर ईएपी सुमंता शर्मा को पत्र भेजकर अवगत कराया है कि एनपीएस एवं एनएटीएस कार्यक्रम के अंतर्गत टाटा के होसुर, तमिलनाडु एवं कोलार कर्नाटक स्थित कंपनी के प्लांट्स के लिए यह रिक्रूटमेंट किया जाना है। एमपीएस के लिए अहर्ता कक्षा 10 उत्तीर्ण अथवा 12 रखी गई है जबकि एनएटीएस के लिए कक्षा 10, कक्षा 12 व आईटीआई डिप्लोमा रखी गई है। नियुक्ति के लिए युवाओं को नॉलेज टेस्ट, बीड टेस्ट, पीडीटी (साइको डाइग्नोस्टिक टेस्ट) से गुजरना होगा।

# बीकेटीसी के पूर्व अध्यक्ष अनुसूइया प्रसाद भट्ट के निधन पर शोक जताया

गोपेश्वर/देहरादून, वीर अर्जुन संवाददाता। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी )के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व सूचना आयुक्त विनोद प्रसाद नौटियाल ने बीकेटीसी पूर्व अध्यक्ष अनुसूया प्रसाद भट्ट के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अपने गढव़ाली भाषा में अनुसूया प्रसाद भट्ट के परिजनों को भेजे संदेश में उन्होंने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि भट्ट का निधन अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने भगवान बदरीविशाल एवं केदारनाथ से प्रार्थना है कि शोक संतप्त परिवार को दुखरू सहने की शक्ति प्रदान हो। ज्ञातब्य है कि बीते शनिवार 24 अगस्त शाम को पूर्व अध्यक्ष अनुसूया प्रसाद भट्ट का अपने पैतृक निवास गोपेश्वर में निधन हो गया था। उल्लेखनीय है कि अनुसुइया प्रसाद भट्ट वर्ष 1999 से 2002 तक भाजपा शासनकाल में एडवोकेट विनोद नौटियाल की अध्यक्षता में गठित मंदिर समिति में उपाध्यक्ष रहे तथा वर्ष 2008 में वह मंदिर समिति के अध्यक्ष बने।

# गैरसैंण विधानसभा सत्र में बढ़ाए गए वेतन भत्ते लेने से पूर्व विधायक गणेश गोदियाल का इंकार

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून, । उत्तराखंड विधानसभा के मानसून सत्र में विधायकों के वेतन भत्तों की बढोत्तरी से जुडा विधेयक पास किया गया। इस विधेयक के पास होने के बाद उत्तराखंड विधानसभा के सदस्यों को अब प्रतिमाह वेतन-भत्ते के रूप में लगभग चार लाख रुपए मिलेंगे। बढती महंगाई को देखते हुए तदर्थ समिति ने विधायकों के वेतन-भत्तों के साथ ही उनके वैयक्तिक सहायक के वेतन में वृद्धि की संस्तुति की थी। अभी तक विधायकों को वेतन भत्ते के रूप में प्रतिमाह लगभग 2.90 लाख रुपए मिलते हैं। अब इस मामले में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल की प्रतिक्रिया सामने आई है। गणेश गोदियाल ने बढे.हुए वेतन भत्ते के साथ ही अन्य सुविधाएं लेने से इंकार कर दिया है। कांग्रेस नेता गणेश गोदियाल ने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर बढे.भत्ते और अन्य सुविधाएं नहीं देने की मांग की है। गणेश गोदियाल ने कहा विधायकों, पूर्व विधायकों के वेतन भत्ते और अन्य सुविधाएं बढाये जाने को लेकर नियामक आयोग बनाया जाये। गणेश गोदियाल ने कहा एक तरफ प्रदेश भर में अल्प वेतन भोगी भारी परेशानियों के साथ गुजारा कर रहे हैं। दूसरी तरफ सरकार विधायकों और पूर्व विधायकों के वेतन भत्तों में इजाफा कर रही है। इसलिए उन्होंने पूर्व विधायकों के बढाये गए वेतन भत्तों का विरोध करते हुए यह सुविधा लेने से इनकार किया है। गणेश गोदियाल ने कहा सार्वजनिक जीवन में काम कर रहे लोगों को अधिक संसाधनों की जरूरत है, लेकिन उसके लिए देश, काल और परिस्थिति देखनी चाहिए। राज्य में आपदा की विभाषिका है। विधायकों, पूर्व विधायकों का वेतन, भत्ते व अन्य सुविधाएं बढाने के लिए एक नियामक आयोग बनना चाहिए। आजकल ये संदेश जाता है कि विधानसभा सदन के सदस्य अपनी मर्जी से अपनी पेंशन, वेतन व भत्ते बढा देते हैं। मात्र तीन दिन के गैरसैंण सत्र का यही संदेश गया है। उन्होंने कहा पूर्व विधायक के नाते वे बढे. भत्ते व अन्य सुविधाएं नहीं लेंगे। वे इस बारे में विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिख रहे हैं। कांग्रेस नेता गणेश गोदियाल ने कहा उत्तराखंड विधानसभा का सत्र गैरसैंण में संपन्न हो गया है। गैरसैंण में आहुत हुए 3 दिन के सत्र की विवेचना करना आवश्यक है। उन्होंने कहा भले ही सत्र कहीं पर भी आहुत हो लेकिन सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक इस बात की शिकायत करते हैं कि उन्हें अपनी विधानसभा क्षेत्र की दिक्कतों को उठाने का मौका नहीं मिलता है। उन्होंने कहा धारचूला, मुनस्यारी, चमोली, रुद्रप्रयाग जैसी जगहों पर आपदाएं आई हुई हैं।

# घोड़े-खच्चरों की आवाजाही के लिए खुला केदारनाथ मार्ग

**वीर अर्जुन संवाददाता**

रूद्रप्रयाग, । केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर 31 जुलाई को अतिवृष्टि के चलते बंद हुए पैदल मार्ग घोडे- खच्चरों के लिए 26 दिनों के भीतर ही खुल गए हैं। यात्रा मार्ग पर घोडे- खच्चरों की आवाजाही के साथ ही घोडे- खच्चरों से राशन एवं अन्य अनिवार्य सामग्री की आपूर्ति भी शुरू हो गई है। केदारनाथ पैदल मार्ग को जिला प्रशासन एवं मजदूरों की कडी मेहनत के बाद दुरुस्त कर लिया गया गया। 25 दिन बाद ही घोडे. खच्चर केदारनाथ पहुंचना शुरू हो गए हैं।

बता दें कि 31 जुलाई की रात केदारनाथ पैदल मार्ग पर आई त्रासदी के कारण जगह-जगह ध्वस्त हो गया था। जिसके बाद सबसे पहली प्राथमिकता के तहत पैदल मार्ग से तीर्थ यात्राओं को सुरक्षित निकाला गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की निगरानी और डीएम सौरभ गहरवार के नेतृत्व में चले रेस्क्यू अभियान में हजारों श्रद्धालुओं एवं स्थानीय जनता को हेली सेवा के साथ पैदल आवाजाही से उनकी जान को बचाया गया। इसके बाद प्रशासन की ओर से पैदल मार्ग को तेजी के साथ दुरुस्त करने की चुनौती थी। इस चुनौती को भी जिला प्रशासन ने पार पा लिया जिसके बाद मार्ग को घोडा खच्चर संचालन के लिए भी दुरुस्त कर लिया गया है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि आपदा से 19 किलोमीटर पैदल मार्ग 29 जगहों पर क्षतिग्रस्त हो गया था। जिलाधिकारी के निर्देशन एवं निगरानी में तेजी से काम होने के चलते पैदल मार्ग के बाद घोडे. खच्चरों की आवाजाही भी शुरू हो गई है। जिला प्रशासन का प्रयास है कि जल्द से जल्द पैदल मार्ग को और अधिक दुरुस्त किया जाए, जिससे ज्यादा संख्या में भक्त बाबा केदारनाथ के धाम पहुंच सके। पैदल मार्ग पर सैकडों की संख्या में लोनिवि गुप्तकाशी के मजदूर मार्ग का ट्रीटमेंट करने में लगे हुए हैं। इसके अलावा सोनप्रयाग गौरीकुण्ड राजमार्ग को भी दुरुस्त करने का काम तेजी से चल रहा है। यहां भी जल्द ही वाहनों की आवाजाही शुरू हो जाएगी। एनएच विभाग की मशीने और मजदूर रात दिन राजमार्ग को दुरुस्त करने में जुटे हुए हैं।



# श्रीकृष्ण के माथे पर सजता रहा है हरिद्वार का मोर पंख

**वीर अर्जुन संवाददाता**

हरिद्वार, । देशभर में आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई जा रही है। नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की जैसे जयकारों के साथ भगवान कृष्ण की लीलाओं को सेलिब्रेट किया जा रहा है। माना जाता है जितनी लीलाएं भगवान कृष्ण की हैं शायद ही उतनी लीलाएं किसी देवी देवता ने की होंगी।

आमतौर पर भगवान कृष्ण का संबंध मथुरा, वृंदावन और गोकुल से बताया जाता है, मगर आज हम आपको श्रीकृष्ण के उत्तराखंड कनेक्शन के बारे में बताने जा रहे हैं। ये कनेक्शन ऐसा है जिसके बिना कृष्ण अधूरे हैं। भगवान श्रीकृष्ण का उत्तराखंड से जीवन का नाता है। अगर यह कहें कि भगवान के प्राण बचाने में उत्तराखंड के पर्वतों की बहुत बडी भूमिका रही है तो गलत नहीं होगा। भगवान कृष्ण का जन्म द्वापर युग में हुआ था, कहा जाता है कि भगवान कृष्ण का जब जन्म हुआ तब वर्ष लग्न में रोहिणी नक्षत्र था। तब सूर्य सिंह राशि में था। भगवान कृष्ण ने जब जन्म लिया उस वक्त ठीक रात के 12 बज रहे थे। गौशाला में पैदा हुए भगवान कृष्ण ने कंस की वजह से कई पीडाएं झेली। उनके माता-पिता ने भी बमुश्किल दिन काटे। ये सब कुछ श्रीकृष्ण के जन्म से ही शुरू हो गया था। भगवान कृष्ण के जन्म के बाद जब उनके गृह नक्षत्र और कुंडली को दिखाने के लिए ऋषि कात्यायन को बुलाया गया। उन्होंने भगवान कृष्ण की कुंडली में ऐसा दोष बता दिया जिसका निवारण सिर्फ हिमालय के पर्वतों से हो सकता था। हरिद्वार के जाने-माने धर्माचार्य प्रतीक मिश्रा पुरी कहते ऋषि कात्यायन ने हरिद्वार का क्षेत्र इसलिए बताया क्योंकि इस पर्वत पर मां मनसा देवी का मंदिर है। मां मनसा देवी नाग पुत्री कही जाती हैं।

**उत्तम शुगर मिल्स लिमिटेड**

[Corporate Identity Number (CIN): L9999UR1993PLC032518]

पंजी. कार्या.: गांव लिब्बरहेड़ी, तहसील रूड़की, जिला हरिद्वार उत्तराखंड–247667

फोन नं. 0120–4525000, वेबसाइट: www.uttamsugar.in

ई–मेल आईडी: investorrelation@uttamsugar.in

29वीं वार्षिक आम बैठक के संबंध में शेयरधारकों के लिए सूचना

एजीएम वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित करना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि एजीएम की सूचना, जो कि एजीएम के आयोजन के लिए भेजी जा रही है, में निर्धारित व्यवसाय के निष्पादन के लिए कम्पनी के शेयरधारकों की 29वीं वार्षिक आम बैठक बुधवार, 18 सितम्बर, 2024 को दोप. 12.00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो वीडियो माध्यमों (वीसी/ओएवीएम) के द्वारा आयोजित की जाएगी।

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ("एमसीए") द्वारा अपने सामान्य परिपत्र सं. 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, परिपत्र सं. 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, परिपत्र सं. 20/2020 दिनांक 5 मई, 2020, परिपत्र सं. 02/2022 दिनांक 5 मई, 2022 और परिपत्र सं. 10/2022 दिनांक 28 दिसम्बर, 2022 एवं परिपत्र सं. 09/2023 दिनांक 25 सितम्बर, 2023 ("एमसीए परिपत्र") और सेबी द्वारा अपने परिपत्र सं. सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 दिनांक 12 मई, 2020, सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2021/11 दिनांक 15 जनवरी, 2021, सेबी/एचओ/सीएफफडी/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2022/62 दिनांक 13 मई, 2022, सेबी/एचओ/सीएफडी/पीओडी–2/पी/सीआईआर/2023/4 दिनांक 5 जनवरी, 2023 एवं सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएफडी–पीओडी–2/पी/सीआईआर/2023/167 दिनांक 7 अक्टूबर, 2023 (" सेबी परिपत्र") के माध्यम से बैठक में सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम के आयोजन की अनुमति दी है। कम्पनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') के संगत प्रावधानों, सेबी (सूचीयन बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 ("सूचीयन विनियम") एवं परिपत्रों के अनुपालन में कम्पनी की 29वीं एजीएम वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

उपरोक्त कथित परिपत्रों के अनुसार वित्त वर्ष 2023–24 के लिए वार्षिक रिपोर्ट के साथ एजीएम की सूचना उन सभी शेयरधारकों को भेजी जाएगी जिनके ई–मेल आईडी पहले से ही कम्पनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास पंजीकृत हैं। शेयरधारकगण कृपया नोट करें कि एजीएम की सूचना और वित्त वर्ष 2023–24 के लिए वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट www.uttamsugar.in स्टॉक एक्सचेजों की वेबसाइट अर्थात् बीएसई लिमिटेड www.bseindia.com और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड www.nseindia.com और नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध होगी। शेयरधारक केवल वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में शामिल एवं भाग ले सकते हैं। एजीएम में शामिल होने के निर्देश एजीएम की सूचना में दिये गये हैं। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से बैठक में शामिल होने वाले शेयरधारकों की गणना कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के अनुसार कोरम के प्रयोजन हेतु की जाएगी।

वोटिंग की प्रक्रिया

कम्पनी अपने सभी शेयरधारकों को एजीएम की सूचना में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर अपना वोट रिमोट ई–वोटिंग सुविधा के माध्यम से देने की सुविधा उपलब्ध करा रही है। इसके अलावा, कम्पनी एजीएम के दौरान ई–वोटिंग सिस्टम ("ई–वोटिंग") के माध्यम से अपना वोट देने की भी सुविधा उपलब्ध करा रही है। रिमोट ई–वोटिंग/ई–वोटिंग सिस्टम के माध्यम से वोट देने की विस्तृत प्रक्रिया एजीएम की सूचना में दी गई है।

ई–मेल पता पंजीकरण/अपडेट कराने की प्रक्रिया

भौतिक प्रारूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यगण जिन्होंने अपना ई–मेल पता कंपनी/डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत नहीं कराया है उनसे अनुरोध है कि कृपया विधिवत हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र के साथ नाम, फोलियो नं., सदस्य का पता, फॉर्म आईएसआर–1, पैन कार्ड की स्व–सत्यापित प्रति ओर आधार कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर आईडी/पासपोर्ट आदि की स्व–सत्यापित प्रति को लिखित में ई–मेल delhi@linkintime.co.in या कंपनी को ई–मेल investorrelation@uttamsugar.in पर भेजकर इसे पंजीकृत/अपडेट कराएं।

डिमैट प्रारूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यगण अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी के पास अपना ई–मेल आईडी पंजीकृत/अपडेट कराएं।

लाभांश

सदस्यगण कृपया नोट करें कि निदेशक मंडल ने 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए अंकित मूल्य रु. 10/– (दस रुपए) के 25 प्रतिशत (अर्थात् रु. 2.50 प्रति इक्विटी शेयर) की दर पर अंतिम लाभांश की सिफारिश की है जो 29वीं एजीएम में अनुमोदन के अधीन है। लाभांश, यदि घोषित हो जाता है तो उन शेयरधारकों को रिजर्व बैंक अनुमोदित इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भुगतान किया जाएगा जिन्होंने अपना बैंक खाता विवरण कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट/डिपॉजिटरी प्रतिभागी के पास अपडेट कराया है।

जिन सदस्यों ने अपना बैंक खाता विवरण पंजीकृत/अपडेट नहीं कराया हे, उनसे अनुरोध है कि वे अपने संबंधित डीपी द्वारा बताई गई प्रक्रिया के अनुसार अपना डिमेट खाता विवरण पंजीकृत/अपडेट कराएं। उपरोक्त विषय पर किसी भी जानकारी/स्पष्टीकरण के लिए सदस्यगण कंपनी/कंपनी के आरटीए को उनके संबंधित पते/ई–मेल पर लिख सकते हैं।

कम्पनी के निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते उत्तम शुगर मिल्स लिमिटेड
हस्ता./–
(राजेश गर्ग)
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
(सदस्यता सं. एफसीएस–5841)

तिथि: 27 अगस्त, 2024
स्थान: नोएडा